दिनांक 3 जून 2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

विश्व सायकल दिवस के अवसर पर सायकल से पहुंचे आयुक्त एस.के. सुंदरानी, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस 0के0 सुंदरानी आज विश्व सायकल दिवस के अवसर पर अपने निवास स्थान से निगम मुख्य कार्यालय सायकल चलाकर पहुंचे एवं प्रतिदिन होने वाले राष्ट्रगान में सम्मिलित हुए जहां पर राष्ट्रगान के पश्चात् आयुक्त महोदय द्वारा सायकल चलाने से होने वाले लाभ जैसे- शारीरिक रुप से स्वस्थ्य रहना , मानसिक तंदरुस्ती लाना , प्रदुषण मुक्त शहर की दिशा में कदम , ट्राफिक के दबाव से बचाव आदि के बारे में बताया। आगे कहा कि हम शुरु से जब कोई परिवहन का साधन नहीं था सायकल चलाते रहें हैं हमारे पूर्वज भी सायकल चलाते रहें हैं इससे बहुत कम लोग ही अछुते होंगे बढ़ते आधुनिकीकरण एवं सुविधा के चलते हम इसे भूल रहे हैं हमें इसे अपनाने की आवश्यकता है। आगे कहा कि जो लोग अभी भी प्रतिदिन साइकिल चलाते हुए आते हैं उनसे हमें सीख लेने की आवश्यकता है! आज विश्व सायकल दिवस पर राष्ट्रगान के समय संयुक्त कलेक्टर जिला दुर्ग प्रमोद शांडिल्य भी उपस्थित हुए थे जिन्होने विश्व सायकल दिवस पर स्वास्थ्य को लेकर सायकल चलाने के अपने अनुभव को साझा किया एवं सायकल चलाने के महत्व के बारे में बताया। आयुक्त महोदय ने कहा कि हम सभी को एक दिन नियत कर सायकल से आने का संकल्प लेना चाहिए। जिस पर उपस्थित सभी की सहमति से शुक्रवार का दिन नियत किया गया है। इस दौरान उपायुक्त अशोक द्विवेदी एवं टीपी लहरें, सहायक अधिकारी राजस्व एवं संपदा विभाग मूर्ति शर्मा एवं दीप्ति साहू सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे

जनसम्पर्क अधिकारी